आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 07.05.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- भारतीय सेना ने पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर कड़ा प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर चलाया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रात भर इस सैन्य कार्रवाई पर नजर बनाए रखी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा– ये कार्रवाई आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को समाप्त करने के उद्देश्य से की गई है।
- देशभर में आज नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की जा रही है।
- अल्मोड़ा नगर निगम में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पांच दिवसीय ऐपण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन।

**ऑपरे□ान सिंदूर**

भारतीय सशस्त्र बलों ने मध्य रात्रि में पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर स्थित आतंकी ठिकानों पर कडा प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर संचालित किया। इन ठिकानों से ही भारत के विरूद्ध आतंकी हमले की योजना बनाई गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रातभर इस सैन्य कार्रवाई पर नजर बनाए रखी।

रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। मंत्रालय ने बताया कि किसी भी पाकिस्तानी सैन्य केन्द्र को निशाना नहीं बनाया गया। मंत्रालय का कहना है कि भारत ने लक्ष्यों के चुनाव और कार्रवाई की पद्धति में काफी संयम का प्रदर्शन किया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये कार्रवाई क्रूर पहलगाम आतंकी हमले के परिदृश्य में की गई है। इस आतंकी हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक मारे गए थे।

**प्रेस वार्ता**

विदेश सचिव विक्रम मिस्री, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने एक प्रेस वार्ता कर ऑपरेशन–सिंदूर के संबंध में जानकारी दी।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि ऑपरेशन–सिंदूर, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए विभत्स आतंकी हमले के शिकार मासूम नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए लॉन्च किया गया।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि यह कार्रवाई नपी तुली और ज़िम्मेदारीपूर्ण है और ये आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को समाप्त करने के उद्देश्य से की गई है।

इस बीच, भारतीय सेना ने कहा है कि पाकिस्तान ने एक बार फिर पुंछ राजौरी क्षेत्र के भिंबर गली में गोले दाग कर संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में भारतीय सेना ने बताया कि वह संतुलित तरीके से प्रतिक्रिया दिखा रहा है।

उधर, ऑपरेशन सिंदूर के बाद करतारपुर साहिब कॉरिडोर को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। करतारपुर साहिब कॉरिडोर भारत और पाकिस्तान को जोड़ने वाला एक वीज़ा–मुक्त तीर्थयात्रा मार्ग है। यह भारतीय तीर्थयात्रियों को पाकिस्तान के करतारपुर में गुरुद्वारा दरबार साहिब जाने की अनुमति देता है।

**रक्षा मंत्री / मुख्यमंत्री**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना की ओर से शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट–एक्स पर लिखा है "भारत माता की जय।"

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पोस्ट– एक्स पर लिखा है– जय हिंद.. जय हिंद की सेना। भारतीय सेना ने देर रात पाक अधिकृत जम्मू–कश्मीर और पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया है। आतंकवाद पर इस कमर तोड़ कार्रवाई से हमारे वीर जवानों ने एक बार फिर पूरे देश का मस्तक ऊंचा कर दिया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत द्वारा आतंकवाद पर किया गया यह हमला न सिर्फ पहलगाम में निर्दोष भारतीयों की हुई हत्या का प्रतिशोध है, बल्कियह इस बात का भी परिचायक है कि कोई भी अगर हमारे देश की एकता, अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा को चुनौती देगा, तो भारत उसे उसके घर में घुसकर जवाब देने में सक्षम है।

**मॉक ड्रिल**

देशभर में आज नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की जा रही है। इस बीच, देहरादून में आज शाम 4 बजे संभावित हवाई हमलों के प्रति सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। अभ्यास से पहले जिलाधिकारी सविन बंसल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने सेना, अर्धसैनिक बल, सिविल डिफेंस वार्डन, वॉलंटियर्स और संबंधित विभागों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए।

अभ्यास के दौरान जिले के पांच स्थानों– धारा पुलिस चौकी, ब्लाइंड स्कूल राजपुर रोड, लख्खीबाग थाना, कलेक्ट्रेट परिसर, एमडीडीए कॉलोनी निकट आईएसबीटी और आराघर पुलिस चौकी पर सायरन और हूटर बजाकर नागरिकों को सतर्क किया जाएगा। इस दौरान बिजली आपूर्ति बंद रहेगी और यातायात डायवर्ट भी किया जा सकता है।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे मॉक ड्रिल के दौरान अपने घरों में ही रहें और किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। अफवाह फैलाने वालों की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या पुलिस चौकी को दें।

गौरतलब है कि गृह मंत्रालय ने आज देश के 244 वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास आयोजित करने का निर्णय लिया है।

## **ऐपण कार्यशाला अल्मोड़ा**

अल्मोड़ा नगर निगम में मोहन उप्रेती शोध समिति और यूकॉस्ट उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में दीनदयाल शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पांच दिवसीय ऐपण प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मोहन उप्रेती लोक कला एवं शोध समिति की संरक्षक मीरा जोशी ने समूह की महिलाओं को लोक कला ऐपण का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि लोक कला रोजगार का साधन भी बनते जा रहे हैं।

दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर निगम अल्मोड़ा की प्रबंधक शांता गुरुरानी ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और हमारी विलुप्त होती संस्कृति के संरक्षण के लिए उत्तराखंड की पारंपरिक लोक कला ऐपण का प्रशिक्षण दिया गया।

## **चारधाम सुरक्षा**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किए हैं। टिहरी जिले से चारों धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए कई चेक पोस्टों पर आईटीबीपी प्लाटूनों की तैनाती की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को कोई भी दिक्कत न हो, इसके जगह–जगह पुलिस पर्यटन केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 700 से अधिक पुलिस बल के साथ ही कुल 900 सुरक्षा कर्मियों को चारधाम यात्रा की ड्यूटी में तैनात किया गया है।